## उपयोगी वेबसाइटें

अच्छे रुटीन बनाने में मदद के लिए
booktrust.org.uk/bath-book-bed

शौचालय प्रशिक्षण में जानकारी के लिए
eric.org.uk

अर्ली ईयर्स फाउंडेशन स्टेज (EYFS) और बाल विकास पर जानकारी के लिए
foundationyears.org.uk

हैम्पशायर एडमिशन पर सलाह के लिए
hants.gov.uk/admissions

स्वस्थ जीवन शैली पर जानकारी के लिए
nhs.uk/change4life



नर्सरी राइम्स और गानों के लिए
wordsforlife.org.uk/songs
bbc.co.uk/cbeebies/curations/nursery-rhymes

स्थानीय लाइब्रेरी पर जानकारी के लिए
gov.uk/local-library-services

बाल विकास और हैम्पशायर में शुरुआती वर्षों पर जानकारी के लिए
hants.gov.uk/socialcareandhealth/ childrenandfamilies

शुरुआती वर्षों में द्विभाषिता (बाइलिंग्वलिज्म) पर जानकारी के लिए
literacytrust.org.uk/resources/ understanding-bilingualism-early-years

---

स्कूल जाने के लिए तैयार होने में कुछ बच्चों को अतिरिक्त मदद की जरूरत हो सकती है। यदि आपके बच्चे की कुछ अतिरिक्त आवश्यकताएं हैं और आपको इसकी फिक्र है तो कृपया अपने बच्चे की सेटिंग से संपर्क करें और **fish.hants.gov.uk** पर जाकर आगे की जानकारी पाएं।

**हैम्पशायर स्कूल्स, प्री-स्कूल्स, चाइल्डमाइंडर्स और अभिभावक – फरवरी 2019 की सलाह से यह लीफलेट यंग चिल्ड्रेन एडवाइजरी टीम के लिए तैयार किया गया है।**

## आपके बच्चे के स्कूल शुरू करने से पहले की जाने वाली दस मुख्य चीजें

**इन गतिविधियों में से प्रत्येक को करते हुए हर बार स्माइली फेस पर रंग करें।**

| | |
|---|---|
| हर सप्ताह एक नया गाना या नर्सरी राइम सीखें | |
| रोज़ाना एक किताब दूसरों के साथ मिल कर पढ़े | |
| नियमित रूप से लाइब्रेरी जाएं और घर ले जाने के लिए किताबें चुनें | |
| खाली बॉक्स से खेलें - कहां ले जाती है आपकी कल्पना? | |
| उन चीजों के चित्र बनाएं जिन्हें आपने साथ मिलकर करने का लुत्फ उठाया | |
| नेचर वॉक (सैर) पर जाएं – आप यहाँ क्या कुछ देख, सुन, स्पर्श और सूंघ सकते है? | |
| नजदीकी पार्क में जाएं - साथ मिलकर आप किन चीजों की खोज करते हैं? | |
| आई स्पाई (I spy) खेलें - आप कौन से रंग, संख्या और अक्षर देख पाते हैं? | |
| पुराने और नए दोस्तों के साथ मिलकर खेलने (प्लेडेट्स) का मज़ा उठाएं | |
| एक बैग में या जार में चीजें जमा करें और उन्हें बार-बार गिनें | |

**आपको इसके इलावा साथ मिलकर और क्या करना पसंद है?**

स्कूल शुरू करने से पहले आपके बच्चे के लिए पढ़ना, लिखना और गणित आना जरूरी नहीं है। बच्चे अलग-अलग अनुभवों के साथ स्कूल में दाखिल होते हैं और उनके शिक्षक उन्हें उनके अलग-अलग आरंभ बिंदुओं से प्रगति कराने में मदद करने में सक्षम होंगे।

Hampshire Services
SFYC PROFESSIONAL OPTIONS

# रेडी स्टेडी स्कूल!

क्या आपका बच्चा स्कूल जाना जल्द ही शुरू करने वाला है?

क्या वे तैयार हैं? क्या आप तैयार हैं?



आपको अपने बच्चे के अत्मविश्वास के निर्माण में मदद के लिए सलाह ताकि वे खुशी; जिज्ञासा और सीखने की मानसिक तैयारी के साथ स्कूल की शुरुआत कर पाएं।

Hampshire County Council

hants.gov.uk

## एक तैयार बच्चा

मैं...



- सीखने को लेकर रोमांचित, उत्साही, जिज्ञासु और आत्मविश्वास से भरा हुआ हूं
- मैं अपनी रुचि की चीजों के बारे में बात करने के लिए तैयार हूं
- हर रोज सक्रिय हूं
- ऐसी चीजों पर ध्यान देने में सक्षम हूं जो मुझे रोमांचित करती हैं और छोटी अवधि वाली गतिविधियों पर ध्यान देने में भी सक्षम हूं
- अपने विचार व्यक्त करने, अपनी बात कहने व अपनी जरूरतों के बारे में बताने और कुछ देर सुनने में सक्षम हूं
- चुनौतियों की घड़ी में आगे बढ़ सकता हूं और कोशिश कर सकता हूं
- अनेक प्रकार की गतिविधियों में रुचि रखता हूं और मेरे पास कुछ अच्छे हुनर और जानकारी हैं
- सरल विकल्प चुन पाने में सक्षम हूं
- नए अनुभव हसिल कर और ट्रायल एंड एरर विधि से ज्ञान हासिल करते हुए अपने सीखने की प्रक्रिया में जोखिम उठाने को तैयार हूं
- दूसरों की जरूरतों को स्वीकार करने को तैयार हूं और कभी-कभी दूसरों की मदद से अपना रुख बदल सकता हूं और चीजें साझा कर सकता हूं

## एक तैयार परिवार

- अपने बच्चों के साथ खेलने के लिए समय निकालें। साथ मिलकर नई चीजें खोजने का रोमांच साझा करके उन्हें सक्रिय रहने और खोज करने को प्रोत्साहित करें
- अपने बच्चों को उनकी जरूरतों, भावनाओं और संवेदनाओं को ज़ाहिर करने के लिए प्रोत्साहित करें। यदि आपका बच्चा चिंतित है तो उन बातों पर ध्यान दें जिनमें उनकी सबसे अधिक रुचि हो
- अपने बच्चों की रुचि की चीजों पर उनके साथ बात करने का समय निकालें
- अपने काम स्वयं करने के कौशल को प्रोत्साहित करें (जैसे - कपड़े पहनना; छुरी, कांटे और चम्मच का इस्तेमाल करना; शौचालय जाना; रोज दो बार ब्रश करना)
- एक साथ रहकर अपने कामों के बारे में बातें करने का आनंद उठाएं और उपलब्धियों की खुशियां मनाएं
- अपने बच्चे को दूसरों के साथ घुलने-मिलने और खेलने को प्रोत्साहित करें
- अपने बच्चे को आराम करने और खेलने का समय दें (स्क्रीन समय को कम करें)
- अपने बच्चे के सोने और परिवार के खाने के के मामले में एक स्पष्ट रुटीन बनाकर उसका पालन करें
- कोशिश और अभ्यास से कैसे हम किसी चीज में बेहतर हो सकते हैं इस बारे में बात करें और चीजों के बिगड़ जाने के बावजूद कोशिश करने के महत्व के बारे में बताएं -
साहसी बनें!
- अपने बच्चे को आगे बढ़ने और विकल्प चुनने का अवसर दें

## एक तैयार स्कूल

- प्रत्येक बच्चे के लिए एक प्रमुख व्यक्ति की भूमिका निर्धारित करें और प्रत्येक परिवार को बताएं कि यह भूमिका उनके और उनके बच्चे के लिए क्या मायने रखती है
- बच्चों के विकास और शिक्षण में कैसे मदद करें इस बारे में विचार साझा कर परिवारों के साथ मुक्त और भरोसेमंद संबंध विकसित करें
- खेल आधारित एक उच्च स्तरीय पढ़ाई का माहौल मुहैया कराएं जो सुरक्षित और समग्र हो जहां सारे बच्चे विकास करें
- परिवारों के साथ मुलाकात करने और प्रत्येक बच्चे के बारे में जानकारी साझा करने के अवसर निकालें
- सभी बच्चों के लिए लगातार उचित देखभाल को सुनिश्चित करने के लिए सहज परिवर्तन में मदद करते हुए सभी सेटिंग्स के साथ मजबूत संबंध विकसित करें
- चुनौती दे कर, साहस को बढ़ावा देकर और उम्मीदों को ऊंचा उठाकर प्रत्येक बच्चे के लिए ऊंची अपेक्षा दर्शाएं
- सभी बच्चों में खुशी, उत्साह और प्रेरणा का संचार करें और उन्हें निर्णय लेने की छूट दें ताकि उनमें सीखने का आत्मविश्वास विकसित हो
- बच्चों को नए दोस्त बनाने और सामाजिक कौशल विकसित करने में सहायता और बढ़ावा दें
- हर बच्चे की प्रगति पर नजर रखें और अगले कदम साझा करें
- साथ मिलकर शिक्षण का आनंद उठाएं और पूरे साल मजे करें

